रविवार

02 जुलाई 2023

# केशव टाइम्स

डिजिटल संस्करण

आपकी आवाज






## बिहार सरकार के निर्णय पर नाराजगी: पटना में प्रदर्शन कर रहे शिक्षक अभ्यर्थियों को पुलिस ने दौड़ा-दौड़ाकर पीटा

# डोमिसाइल नीति का विरोध कर रहे अभ्यर्थियों पर लाठीचार्ज

- कई शिक्षक अभ्यर्थियों को पुलिस ने हिरासत में लिया
- अभ्यर्थियों ने चेतावनी दी है कि सरकार ने संसोधन वापस नहीं लिया तो उग्र आंदोलन होगा

**केटी न्यूज/पटना**

शिक्षक बहाली में डोमिसाइल की अनिवार्यता लागू करने की मांग को लेकर छात्रों ने आंदोलन की राह पकड़ ली है। डोमिसाइल नीति के विरोध में हजारों की संख्या में छात्र शनिवार को पटना की सड़कों पर उतर आए। हाथों में तख्ती और बैनर लिए सरकार के खिलाफ नारेबाजी करने लगे। गांधी मैदान से डाक बंगला चौराहे तक का इलाका शिक्षक अभ्यर्थियों से भर गया। इनके विरोध-प्रदर्शन के कारण डाक बंगला चौराहा से गांधी मैदान का मार्ग जाम हो गया। पुलिस ने इन्हें हटाने के लिए बल प्रयोग करना शुरू किया। इसके बाद भी जब ये नहीं माने तो पुलिस ने अभ्यर्थियों पर लाठीचार्ज कर दिया। अभ्यर्थियों को दौड़ा-दौड़ाकर पीटा। कई अभ्यर्थियों को हिरासत में लिया गया। डीएसपी कोतवाली नुरुल हक ने कहा कि प्रदर्शनकारियों के खिलाफ मामला दर्ज किया जाएगा। वे सड़कों पर उतर रहे हैं, जिससे ट्रैफिक जाम हो रहा है। प्रदर्शनकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचा रहे हैं। इसके लिए उन्हें जेल भेजेगी।

### शिक्षक बहाली में डोमिसाइल की अनिवार्यता लागू करने की मांग कर रहे अभ्यर्थी





### हक और अधिकार छीन रही सरकार : अभ्यर्थी

प्रदर्शन कर रहे शिक्षक अभ्यर्थियों का कहना है कि बिहार सरकार ने शिक्षक भर्ती नियमावली में बदलाव किया है। अब बिहार में शिक्षक बनने के लिए बिहारी होना जरूरी नहीं है। बाहरी लोग भी शिक्षक बन सकते हैं। ऐसा कर हम लोग का हक और अधिकार छीना जा रहा है। संसोधन कर सरकार को इस नीति को वापस लेना ही होगा। ऐसा नहीं होने पर आंदोलन उग्र होगा। तीन साल पहले हमलोग टीईटी, एसटीईटी और सीटेट परीक्षा पास कर चुके हैं, लेकिन अभी तक नियुक्ति हुई नहीं है।



### उप मुख्यमंत्री तेजस्वी को डिबेट के लिए दिया चैलेंज

छात्रों ने कहा कि वो बिहार के उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव को खुला चैलेंज दे रहे हैं कि वो किसी भी विषय में आकर डिबेट कर लें। दरअसल, राज्य सरकार ने हवाला दिया है कि कई विषयों के योग्य शिक्षक तलाशने के लिए डोमिसाइल को खत्म किया गया है। बिहार में 1.70 लाख शिक्षकों की नियुक्ति होनी है। सरकार का लक्ष्य है कि दिसंबर तक वैकेंसी को क्लोज किया जाए। मगर नियमावली को लेकर बखेड़ा खड़ा हो गया है। आंदोलनकारियों ने कहा कि दो महीने पहले बिहार सरकार ने शिक्षक नियुक्ति नियमावली 2023 को मंजूरी दे दी। कहा गया था कि शिक्षकों की नियुक्ति बीपीएससी के माध्यम से होगी जो राज्यस्तरीय परीक्षा लेगा। अभ्यर्थी परीक्षा में अधिकतम तीन बार बैठ सकेंगे। बहाल शिक्षक सरकारी कर्मी कहलाएंगे। शिक्षक नियुक्ति नियमावली 2023 के तहत हम लोग दोबारा परीक्षा देने को तैयार हुए थे। जबकि तीन साल पहले हम लोग परीक्षा में पास कर चुके थे, लेकिन शिक्षक नियुक्ति नियमावली 2023 में संसोधन कर दिया गया। संसोधन पर संसोधन होता रहा। डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव ने कहा था कि महागठबंधन सरकार बनते 20 लाख नौकरी देंगे। वादा पूरा नहीं किए। बहाली फंसाने का काम हो रहा। नियुक्ति नहीं होगी।

### लोकसभा चुनाव में महागठबंधन का सुपड़ा साफ कर देंगे

प्रदर्शन कर रहे अभ्यर्थियों ने कहा कि शिक्षा मंत्री चंद्रशेखर ने नियमावली में संशोधन पर कहा कि बहाली में अंग्रेजी, गणित और विज्ञान के कॉम्पीटेंट अभ्यर्थी नहीं मिल पाते हैं। सीट खाली रह जाती थी, जिसके बाद सरकार ने इस तरह का निर्णय लिया है। शिक्षा मंत्री बेवकूफ वाली बात कर रहे हैं। इसको इस्तीफा देना चाहिए। इसको हटाया जाए। बिहारी छात्रों, बिहारी प्रतिभा का अपमान कर रहे हैं। 2024 लोकसभा चुनाव में महागठबंधन को हम लोग मजा चखा देंगे। सुपड़ा साफ कर देंगे।

### सीटेट-एसटीईटी अभ्यर्थियों की सीधी नियुक्ति हो : बीजेपी

**पटना।** शिक्षक अभ्यर्थियों के समर्थन में अब बीजेपी उतर गई है। बीजेपी के नेता 13 जुलाई को गांधी मैदान से विधानसभा तक मार्च करेंगे। इस मार्च में बीजेपी के सभी विधायक-विधान पार्षद शामिल रहेंगे। इसकी जानकारी बिहार बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी और नेता प्रतिपक्ष विजय सिन्हा ने बीजेपी कार्यालय में प्रेस वार्ता कर दी। सम्राट चौधरी ने कहा कि 13 जुलाई को गांधी मैदान से विधानसभा तक बीजेपी मार्च करेगी। 20 लाख रोजगार महागठबंधन सरकार दे, यह मांग करेंगे। साल भर होने जा रहा, लेकिन महागठबंधन सरकार यह वादा पूरा नहीं की। एसटीईटी, सीटेट और टीईटी पास शिक्षक अभ्यर्थियों को बीपीएससी के जरिए परीक्षा लेकर नियुक्त न किया जाए। इनकी सीधी नियुक्ति होनी चाहिए। यह लोग पहले ही परीक्षा पास कर चुके हैं। शिक्षक अभ्यर्थियों को हक दिलाकर रहेंगे। सरकारी स्कूलों में शिक्षकों को सैलरी दी जाए। भ्रष्टाचार में बिहार डूबा है। खगड़िया में पुल गिरा. बरसात में सड़कें धंसी। यह सब मुद्दों को भी मार्च में उठाएंगे।

**गांधी मैदान से लेकर विधानसभा तक उठाएंगे मुद्दा- विजय सिन्हा :** नेता प्रतिपक्ष विजय सिन्हा ने कहा कि शिक्षकों का अपमान किया जा रहा है। शिक्षा मंत्री चंद्रशेखर कहते हैं कि अंग्रेजी, विज्ञान, गणित में कॉम्पीटेंट अभ्यर्थी नहीं मिल पाते हैं। सीट खाली रह जाती थी, जिसके बाद सरकार ने शिक्षक भर्ती नियमावली में संशोधन किया है। शिक्षा मंत्री बिहार का अपमान वह कर रहे हैं। शिक्षकों की नियुक्ति नहीं हो रही। शिक्षक भर्ती नियमावली में संशोधन पर संसोधन हो रहा ताकि बहाली फंसाया जा सके। 13 जुलाई को गांधी मैदान से लेकर विधानसभा तक शिक्षक अभ्यर्थियों का मुद्दा उठाएंगे। महागठबंधन सरकार 20 लाख रोजगार का वादा पूरा नहीं की। यहां अघोषित आपातकाल है।

## खबरें फटाफट

### नौ साल के शासन में पीएम ने सिर्फ फोटो सेशन कराया है : ललन सिंह

**पटना।** विपक्षी बैठक को लेकर पीएम नरेंद्र मोदी ने महागठबंधन पर निशाना साधा था। इसको लेकर जेडीयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष ललन सिंह ने शनिवार को ट्वीट कर पीएम पर पलटवार किया है। उन्होंने कहा कि नौ साल के शासन में पीएम ने अपनी विदेश यात्राओं के दौरान सिर्फ फोटो सेशन ही तो चलाया है। देश के मुद्दों पर उन्हें चिंतन करनी चाहिए। ललन सिंह ने ट्वीट कर लिखा कि 'प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 23 जून को पटना में हुए विपक्षी दलों की बैठक पर अपनी प्रतिक्रिया में आपने और आपके मंत्रिमंडल के सदस्यों ने इसको फोटो सेशन कहा है। आपकी प्रतिक्रिया चौंकाने वाली थी क्योंकि आपने अपने 9 साल के शासन में अपनी विदेश यात्राओं के दौरान सिर्फ फोटो सेशन ही चलाया है वह भी अलग-अलग पोज में और इसे आप अपनी उपलब्धि बताते रहे हैं। आपको आत्मचिंतन करना चाहिए क्योंकि यह देश की जनता अपने प्रधानमंत्री से चरम छूती महंगाई, बेरोजगारी और बिगड़ती जा रही अर्थव्यवस्था पर सुनना चाहती है जो आपके मुंह से सुन नहीं पा रही है।

## महाराष्ट्र में बस में आग लगने से 26 लोगों की जलकर मौत

**एजेंसी/मुंबई**

महाराष्ट्र के बुलढाणा में एक बस में आग लगने से 26 लोगों की जिंदा जलकर दर्दनाक मौत हो गई। ये बस एक शादी के लिए नागपुर से पुणे जा रही। बारिश के कारण बस फिसल गई। जिसके कारण बस का डीजल टैंक फट गया और आग लग गई। इस हादसे में 26 लोगों की जलने से मौत हो गई। जबकि 8 लोग बुरी तरह से घायल हैं। बताया जा रहा है कि समृद्धि महामार्ग पर अब तक का यह सबसे बड़ा हादसा है। ये सड़क हादसा बुलढाणा के देउलगांव खोंड गांव के पास हुआ। इस बस में 32 यात्री सवार थे। घायलों को बुलढाणा सिविल अस्पताल में इलाज के लिए भेजा गया है। घटना शनिवार तड़के करीब 2 बजे हुई। बताया गया कि हादसे के समय सभी यात्री सो रहे थे। नींद में होने के कारण और बस में अचानक आग लगने की कारण लोग बस से बाहर नहीं निकल पाए।

**पीएम मोदी ने की मुआवजे का घोषणा:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने समृद्धि महामार्ग एक्सप्रेसवे पर बुलढाणा में बस दुर्घटना में मारे गए लोगों के परिजनों के लिए 2 लाख रुपये की अनुग्रह राशि की घोषणा की। उन्होंने हादसे में घायल लोगों को 50,000 रुपये देने की भी घोषणा की है।



### सीएम शिंदे ने किया राहत का ऐलान

मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे बस की भीषण दुर्घटना पर गहरा दुख जताया है। सीएम शिंदे ने मुख्यमंत्री राहत कोष से मृतकों के परिजनों को 5-5 लाख रुपये की सहायता देने की घोषणा की है। उन्होंने इस भीषण दुर्घटना की जांच के आदेश दिए हैं। हादसे की जानकारी मिलते ही सीएम एकनाथ शिंदे ने बुलढाणा के कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक से फोन पर संपर्क किया और घटना की जानकारी ली। शिंदे ने दुर्घटना के पीड़ितों को तत्काल सहायता उपलब्ध कराने के निर्देश देते हुए घायलों को सरकारी खर्च पर तत्काल इलाज उपलब्ध कराने का भी निर्देश दिया।

## केंद्र सरकार मानसून सत्र में पेश कर सकती है यूसीसी बिल

**एजेंसी/नई दिल्ली**

संसद का मानसून सत्र 20 जुलाई से शुरू होगा। संसदीय मामलों की कैबिनेट समिति ने सत्र की तारीखों पर मुहर लगा दी है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सीसीपीए की बैठक की अध्यक्षता की, जिसमें तारीख पर फैसला हुआ। मानसून सत्र में केंद्र की मोदी सरकार समान नागरिक संहिता को लेकर बिल पेश कर सकती है।

संसदीय कार्यमंत्री प्रल्हाद जोशी ने ट्वीट कर लिखा, संसद का मानसून सत्र, 2023 आगामी 20 जुलाई से शुरू होकर 11 अगस्त तक चलेगा। 23 दिन तक चलने वाले इस सत्र में कुल 17 बैठकें होंगी। मैं सभी पार्टियों से सत्र के दौरान संसद के विधायी और अन्य काम-काज में रचनात्मक योगदान देने की अपील करता हूं। मानसून सत्र में मोदी सरकार समान नागरिक संहिता को लेकर बिल पेश कर सकती है। पीएम मोदी के हाल ही में यूसीसी को लेकर दिए बयान के बाद इसे लेकर अटकलें तेज हो गई है। 27 जून को पीएम मोदी ने भोपाल में कहा था कि जब घर में दो कानून होने से घर नहीं चल सकता, तो दोहरी व्यवस्था से देश कैसे चलेगा? पीएम मोदी के बयान को यूसीसी के पक्ष में पिच तैयार करना माना जा रहा है।

### तैयारी में जुटी कांग्रेस

संसद सत्र के पहले कांग्रेस भी अपनी तैयारियों में जुट गई है. यूसीसी पर पीएम मोदी के बयान के बाद से ही कांग्रेस केंद्र पर हमलावर है। ऐसे में संसद में इस मुद्दे पर ग्रैंड ओल्ड पार्टी के रुख का अंदाजा लगाया जा सकता है। मानसून सत्र को लेकर शनिवार को कांग्रेस की संसदीय समिति की बैठक सोनिया गांधी की अध्यक्षता में हुई।

**आप भी बना रही घेरने का प्लान:** दिल्ली में ट्रांसफर पोस्टिंग के मामले पर उपराज्यपाल को शक्तियां देने वाले विधेयक को लेकर मोदी सरकार को विरोध का सामना करना पड़ सकता है। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल इस मामले पर पूरे देश में घूम-घूमकर बीजेपी विरोधी दलों से मिल रहे हैं और समर्थन मांग रहे हैं।

**संसदीय स्थायी समिति करेगी बैठक** संसदीय स्थायी समिति ने हाल ही में लॉ कमीशन के प्रतिनिधियों और केंद्रीय कानून मंत्रालय को 3 जुलाई को बुलाया है। इंडिया टुडे की रिपोर्ट के अनुसार, स्थायी समिति के शेड्यूल बताता है कि 14 जून को जारी किए गए नोटिस में हितधारकों से उनके विचार मांगे गए थे, जिस पर अब पर्सनल लॉ का रिव्यू किया जाएगा।

## हर उपभोक्ता को मिले सही बिजली बिल: योगी

**एजेंसी/लखनऊ**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने निर्देश दिया कि हर उपभोक्ता को सही बिजली बिल दिया जाए। बिजली चोरी करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए, लेकिन जांच के नाम पर किसी भी उपभोक्ता का उत्पीड़न न करें। उत्पीड़न करने वालों के खिलाफ शिकायत मिली तो सख्त कार्रवाई की जाएगी। वह शनिवार को उच्चस्तरीय बैठक में प्रदेश में विद्युत उत्पादन, पारेषण एवं वितरण व्यवस्था की समीक्षा कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के संकल्प की पूर्ति के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि लाइन लॉस हर हाल में कम की जानी चाहिए। पावर कॉर्पोरेशन के सामने सही बिल और समय पर बिल उपलब्ध कराना चुनौती है। इस चुनौती को स्वीकार करते हुए सभी उपभोक्ताओं से बिल की राशि संग्रहित किया जाए। यह सुनिश्चित किया जाए कि एक भी उपभोक्ता को गलत बिजली बिल न मिले।






### बैंकिंग क्षेत्र में करियर बनानेवालों के लिए सुनहरा अवसर, 4045 पदों के लिए होगी परीक्षा

## आईबीपीएस क्लर्क भर्ती के लिए 21 जुलाई तक आवेदन का मौका

**केटी न्यूज/पटना**

बैंकिंग क्षेत्र में करिअर बनाने का सपना देख रहे हैं तो आपके लिए सुनहरा अवसर है। इंस्टीट्यूट ऑफ बैंकिंग पर्सनेल सेलेक्शन ने आईबीपीएस क्लर्क 2023 भर्ती के लिए पंजीकरण की प्रक्रिया शनिवार 01 जुलाई 2023से शुरू कर दी है। इच्छुक उम्मीदवार इन पदों के लिए आधिकारिक वेबसाइट ibps.in पर जाकर आवेदन कर सकते हैं। आवेदन करने की आकिरी तारीख 21 जुलाई, 2023 तक है। आईबीपीएस क्लर्क परीक्षा दो स्तरों पर आयोजित की जाती है- प्रारंभिक परीक्षा और मुख्य परीक्षा। इस प्रकार इन दोनों परीक्षाओं में उत्तीर्ण होने वाले छात्रों को पद के लिए चुना जाता है। आईबीपीएस क्लर्क भर्ती के तहत कुल 4045 लिपिक संवर्ग रिक्तियों को भरा जाएगा।

**आवेदन शुल्क:** आईबीपीएस क्लर्क



2023 के लिए सामान्य वर्ग के उम्मीदवारों को आवेदन शुल्क के रूप में 850 रुपये का भुगतान करना होगा, जबकि अनुसूचित जाति (एससी), अनुसूचित जनजाति (एसटी), बेंचमार्क विकलांग व्यक्तियों (पीडब्ल्यूबीडी), और पूर्व सैनिक (ईएक्सएसएम) उम्मीदवारों को आवेदन शुल्क के रूप में 175 रुपये का भुगतान करना होगा।

**आयु-सीमा:** आईबीपीएस क्लर्क परीक्षा के लिए आवेदन करने वाले उम्मीदवारों की आयु सीमा 20 से 28 वर्ष के बीच निर्धारित की गई है।

**ऐसे करें आवेदन:** सबसे पहले आईबीपीएस की आधिकारिक साइट ibps.in पर जाएं। होम पेज पर आईबीपीएस क्लर्क भर्ती 2023 लिंक पर क्लिक करें। पंजीकरण विवरण दर्ज करें और अपना पंजीकरण करें। अब अपने खाते में लॉग इन करें और आवेदन पत्र भरें। आवश्यक दस्तावेज अपलोड करें और शुल्क का भुगतान करें। सबमिट पर क्लिक करें और पेज डाउनलोड करें। आगे की आवश्यकता के लिए

### ऐसे समझें क्या है आईबीपीएस?

आईबीपीएस क्लर्क परीक्षा पूरे देश में 11 सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में लिपिक पदों की भर्ती के लिए हर साल आईबीपीएस (बैंकिंग कार्मिक चयन संस्थान) द्वारा आयोजित की जाती है। सभी सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक इस पद की रिक्तियों को भरने के लिए सीआरपी को आधार के रूप में उपयोग करते हैं। आईबीपीएस वित्त वर्ष 2023-24 के लिए 13वें वर्ष क्लर्क परीक्षा आयोजित करने जा रहा है और इसलिए इसका नाम आईबीपीएस क्लर्क सीआरपी XIII रखा गया है।

# आठ से 12 सालों बाद नजर आते हैं फाइलेरिया के लक्षण : डॉ. शैलेंद्र

- जिला वेक्टर जनित रोग नियंत्रण पदाधिकारी ने लोगों के लिए दिए सवालों के जवाब
- लोगों के मन में व्याप्त भ्रांतियों को किया जा सकेगा दूर

**केटी न्यूज/बक्सर**



डॉ. शैलेंद्र कुमार

फाइलेरिया उन्मूलन को लेकर जिला स्वास्थ्य समिति द्वारा सर्वजन दवा सेवन (एमडीए) अभियान की तैयारी जोरों पर है। जिले में नाइट ब्लड सर्वे का काम पूरा होते ही व्यापक स्तर पर जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। जिसके लिए सभी प्रखंडों को माइक्रो प्लान तैयार करने का निर्देश दिया गया है। साथ ही, सहयोगी संस्थानों द्वार भी लोगों को जागरूक किया जाएगा। इस क्रम में जिला वेक्टर जनित रोग नियंत्रण पदाधिकारी डॉ. शैलेंद्र कुमार ने कुछ सवालों के जवाब दिए हैं। जिसके माध्यम से फाइलेरिया के प्रति लोगों के संशय को दूर करने का प्रयास किया गया है।

***सवाल : फाइलेरिया कैसे फैलता है?***
***जवाब : फाइलेरिया बिमारी*** फाइलेरिया संक्रमित मच्छरों के काटने से फैलती है। ये मच्छर फ्युलेक्स एवं मैनसोनाइडिस प्रजाति के होते हैं। यह मच्छर जब मानव को काटता है तो ये पतले धागे जैसा परजीवी मानव शरीर में छोड़ता है। मादा परजीवी, नर परजीवी के संपर्क में आकर लाखों सूक्ष्म फाइलेरिया नामक भ्रूणों को जन्म देती है। जिन्हें माइक्रो फाइलेरिया कहा जाता है। यह माइक्रो फाइलेरिया रात के समय में प्रभावी होते हैं।

***सवाल : फाइलेरिया के लक्षण क्या हैं?***
***जवाब :*** फाइलेरिया मच्छरों के काटने से बुखार, बदन में खुजली और पुरुषों के जननांग और उसके आस-पास दर्द व सूजन की समस्या होती है। फाइलेरिया बीमारी एक छिपा हुआ दुश्मन है। इसके लक्षण संक्रमण के 8 से 12 सालों बाद नजर आते हैं। ऐसी स्थिति में मानव शरीर के अंगों हाथ, पैर, स्तन व अंडकोष में सूजन बढ़ने लगती है।

***सवाल : फाइलेरिया के दुष्प्रभाव क्या-क्या हैं?***
***जवाब :*** फाइलेरिया न सिर्फ व्यक्ति को विकलांग बना देती है बल्कि इससे मरीज की मानसिक स्थिति पर भी बुरा प्रभाव पड़ता है। यदि समय पर इस बीमारी की पहचान और इलाज न हुआ तो माइक्रो फाइलेरिया का परजीवी संक्रमित व्यक्ति के पैर, हाथ, अंडकोष व स्तन को इतनी बुरी तरह से प्रभावित कर देता है, जिसके बाद संक्रमित मरीज पूरी तरह से दिव्यांग हो जाता है।

***सवाल : फाइलेरिया के लिए कौन कौन सी योजनाएं चलाई जा रही हैं?***
***जवाब :*** विभाग द्वारा साल में एक बार मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन कार्यक्रम आयोजित की जाती है। इसके तहत जिले के सभी प्रखंडों में फ्रंटलाइन वर्कर्स द्वारा घर-घर जाकर दवा खिलाई जाती है। यह दवा साल में एक बार ही खानी होती है। यदि पांच साल तक लगातार प्रतिवर्ष एक बार दवा खाने का क्रम जारी रखा जाए तो आजीवन फाइलेरिया से मुक्ति मिल सकती है।

***सवाल : एमडीए में कौन कौन सी दवा खिलाई जाती है और किन लोगों को दवाएं नहीं देनी चाहिए?***
***जवाब :*** एमडीएम अभियान के दौरान फ्रंटलाइन वर्कर्स द्वारा अल्बेंडाजोल और डायथाइलकाबार्माज़िन (डीईसी) दवा खिलाई जाती है। यह दवाएं दो साल से छोटे बच्चों, गर्भवती महिलाओं व गंभीर रूप से बीमार व्यक्तियों को छोड़कर सबको खिलाई जाती है। सबसे जरूरी बात यह है कि लाभुकों ये दवाएं फ्रंटलाइन वर्कर्स द्वारा अपने सामने ही खिलाने का निर्देश दिया जाता है। जिससे लोग आनाकानी न करें।

***सवाल : डीईसी व अल्बेंडाजोल का सेवन कैसे करना होता है?***
***जवाब :*** डीईसी फाइलेरिया से बचाव की दवा है जबकि अल्बेंडाजोल क्रीमिनाशक दवा है। इन दवाओं को 2 वर्ष से 5 वर्ष के बच्चों को डीईसी कि 1 गोली एवं अल्बेंडाजोल की 1 गोली खिलानी है। जबकि 6 वर्ष से 14 वर्ष की आयु के बच्चों को डीईसी की 2 गोली एवं अल्बेंडाजोल की 1 गोली देनी है। वहीं 15 वर्ष या उससे अधिक उम्र वालो के लिए डीईसी की 3 गोली एवं अल्बेंडाजोल की 1 गोली खिलाई जाती है।

## खबरें फटाफट

### बारिश में कच्ची दीवार गिरी, वृद्धा की मौत

**गाजीपुर।** सैदपुर थाना क्षेत्र के सियावां ग्राम में शनिवार को अपराह्न एक बजे कच्ची दीवार गिरने से शांति गुप्ता (80) की दबकर घटना स्थल पर मौत हो गई। वह मृतक स्व० रामदेव गुप्ता की पत्नी थी। बता दें कि इलाके के सियावां ग्राम में स्थित श्रीराम जानकी मंदिर पर श्रीमद्भागवत कथा दिन में होने वाली थी। बरसात होने के कारण कथा स्थागित कर दी गई। जिससे शांती देवी घर लट रही थी। रास्ते में ओमप्रकाश सिंह की कच्ची दिवाल गिर जाने से वह मलवे में दब गई। आस -पास के लोगों द्वारा शोर मचाने पर मिट्टी हटाया गया। लेकिन तबतक वह मौके पर ही दम तोड़ दी थी। घटना की सूचना प्रशासनिक अधिकारियों सहित सैदपुर पुलिस को दे दी गई है।

### एक ही रात में दो ट्रैक्टर चोरी

**जहानाबाद।** जिले के हुलासगंज में ट्रैक्टर चोरी से ट्रैक्टर मालिक में हड़कंप हो गया है। मालूम हो की थाना क्षेत्र अंतर्गत लोदीपुर गांव से घर की बाउंड्री दरवाजा का ताला तोड़कर चोरों के द्वारा दो ट्रैक्टर का चोरी कर लिया गया। इस संबंध में थाना में आवेदन देकर प्राथमिकी दर्ज कराई गई। पीड़ित लोदीपुर ग्राम के रामाशीष प्रसाद ने बताया कि घर के बाउंड्री के अंदर हर दिन की भांति ट्रैक्टर खड़ा था। वहीं सूरजपुर निवासी शैलेंद्र सिंह ने भी अपना ट्रैक्टर को बाउंड्री के अंदर खड़ा किया था। बीती रात को अज्ञात चोरों ने दोनों ट्रैक्टर को चोरी कर ली। काफी खोजबीन के बाद भी कुछ पता नहीं चलने पर थाना में आवेदन दिया गया। पीड़ितों ने मामले में दो लोगों पर नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई है। जिनमें भग्गू बीघा के वीरू कुमार ओकरी थाना क्षेत्र के रवि कांत कुमार का नाम दिया गया है। ट्रैक्टर चोरी से ट्रैक्टर मालिकों में हड़कंप व्याप्त हो गया है। प्रखंड में चोरी की घटना बढ़ने से लोगों में चिंता सताने लगी है।

### सोलर स्ट्रीट लाइट का हुआ उद्घाटन

**जहानाबाद।** जिले के मखदुमपुर प्रखंड के सुगांव पंचायत में मुख्यमंत्री सोलर स्ट्रीट लाइट योजना के तहत वार्ड नंबर एक के मीरा बीघा गांव में लाइट लगाने का शुभारंभ किया गया। मौके पर पंचायत की मुखिया रंजू देवी, बीपीआरओ अभिषेक कुमार ने संयुक्त रूप से फीता काटकर सोलर स्ट्रीट लाइट योजना का उद्घाटन किया। मौके पर मुखिया रंजू देवी ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का धन्यवाद देते हुए कहा कि सोलर स्ट्रीट लाइट योजना से ग्रामीण क्षेत्रों में जबरदस्त बदलाव देखने को मिलेगा। रात के समय महिलाएं निडर और बेफिक्र होकर घरों से बाहर निकल सकेंगे। उन्होंने कहा कि जल्द सुगांव पंचायत के प्रत्येक वार्ड में सोलर स्ट्रीट लाइट लगाए जाएंगे।

# हत्या में वांछित 50 हजार का इनामी उमाशंकर आरा के रमना मैदान के समीप से गिरफ्तार

- पुलिस को मिली सफलता बड़ी सफलता, गिरफ्तारी में लगी थी एसटीएफ सहित पांच टीम
- भाजपा नेता मर्डर केस के गवाह कमल किशोर हत्या कांड में वांछित था उमाशंकर

**केटी न्यूज/आरा**




जिले के चर्चित भाजपा नेता विशेश्वर ओझा मर्डर केस के मुख्य गवाह कमल किशोर मिश्रा हत्याकांड में वांटेड और 50 हजार का इनामी उमाशंकर मिश्रा आखिरकार पुलिस के हत्थे चढ़ गया। उसे शनिवार की सुबह भोजपुर पुलिस की विशेष टीम द्वारा शहर के रमना मैदान सिविल कोर्ट के समीप गिरफ्तार कर लिया। उसकी गिरफ्तारी भोजपुर पुलिस की एक बड़ी सफलता मानी जा रही है। उमाशंकर मिश्रा शाहपुर थाने के करनामेपुर ओपी क्षेत्र के सोनवर्षा गांव का निवासी है।

वह हत्या, आर्म्स एक्ट, रंगदारी और मारपीट सहित अन्य कांडों में भी आरोपित रहा है। उसकी गिरफ्तारी को लेकर बिहार की एसटीएफ सहित पांच टीम लगी हुई थी। कमल किशोर मिश्रा हत्या कांड में फरार चल रहे उमाशंकर मिश्रा के खिलाफ पुलिस मुख्यालय की ओर से शुक्रवार को ही 50 हजार का इनाम घोषित किया गया था।

एसपी प्रमोद कुमार ने बताया कि सोनवर्षा गांव निवासी कमल किशोर मिश्रा हत्याकांड में आरोपित उमा शंकर मिश्रा पूर्व में जेल गया था। पिछले साल सितंबर माह में पिता के श्राद्धकर्म को लेकर वह हाई कोर्ट के आदेश पर एक माह के पैरोल पर आया था।

उसके बाद से वह फरार चल रहा था। उसकी गिरफ्तारी को लेकर विशेष टीम गठित की गयी थी। मुख्यालय की ओर से ही टीम गठित की गयी थी। साथ ही एसटीएफ की भी मदद ली जा रही थी। इस बीच शनिवार की सुबह सूचना मिली कि वह अपने वकील से मिलने आरा कोर्ट जा रहा है। उस आधार पर तत्काल कार्रवाई करते हुए टीम द्वारा सिविल कोर्ट रमना मैदान के नजदीक से उसे गिरफ्तार कर लिया गया। उमाशंकर मिश्रा की गिरफ्तारी भोजपुर पुलिस के लिए सिरदर्द बनी थी। ऐसे में एसपी की ओर से इनामी को गिरफ्तार करने वाली टीम को दस हजार रुपये का इनाम देकर पुरस्कृत किया गया।

### बक्सर से ट्रेन से आरा आया था उमाशंकर

उमाशंकर मिश्रा की धरपकड़ में जुटी पुलिस को उसका उसका लोकेशन उत्तर प्रदेश के गोरखपुर में मिला था। उस आधार पर गुरुवार से ही पुलिस टीम गोरखपुर सहित आसास के इलाके में उसकी तलाश कर रही थी। तबतक उमाशंकर मिश्रा को पुलिस के आने की भनक लग गयी और वह वहां से भाग निकला। एसपी प्रमोद कुमार ने बताया कि शुक्रवार को वह बस से बक्सर पहुंचा। उसके बाद ट्रेन से शनिवार की सुबह आरा रेलवे स्टेशन पहुंचा। वहां से अपने वकील से मिलने कोर्ट जा रहा था। तभी उन्हें सूचना मिल गयी और उसे दबोच लिया गया।

### उमाशंकर को संरक्षण देने वालों पर होगी कार्रवाई

करीब नौ माह तक पुलिस को छकाने वाले उमाशंकर मिश्रा की गिरफ्तारी के बाद अब उसे संरक्षण देने वालों पर पुलिस की नजर टेढ़ी हो गयी है। पुलिस उसे भगाने और संरक्षण देने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने की तैयारी कर रही है। उसे लेकर उन लोगों को चिन्हित किया जा रहा है। कुछ लोगों को चिन्हित कर भी लिया गया है। एसपी प्रमोद कुमार ने बताया कि उमाशंकर मिश्रा द्वारा पूछताछ में उसे भगाने में मदद करने और संरक्षण देने वालों कुछ लोगों के बारे में जानकारी दी गयी है। सभी आपराधिक छवि के लोग हैं। उन लोगों के बारे जांच की जा रही है। उनके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। एसपी ने बताया कि उमाशंकर मिश्रा को आर्म्स एक्ट सहित अन्य कांडों में रिमांड किया जायेगा।

### कुर्की के बाद भी फरार चल रहा था उमा शंकर

करनामेपुर ओपी क्षेत्र के सोनवर्षा गांव में 28 सितंबर 2018 की सुबह कमल किशोर मिश्रा की गोली मारकर हत?या कर दी गयी थी। कमल किशोर मिश्रा भाजपा के चर्चित नेता रहे विशेश्वर ओझा की मर्डर केस के गवाह थे। गवाही देने के विवाद में ही उनकी हत्या किये जाने का आरोप लगाया गया था। उस हत्याकांड में उमाशंकर मिश्रा सहित पांच लोगों को नामजद किया गया था। उसमें किशुन मिश्रा को छोड़ उमाशंकर मिश्रा सहित अन्य आरोपित जेल भेजे जा चुके थे। सितंबर 2022 में उमाशंकर मिश्रा अपने पिता के श्राद्ध कर्म को लेकर जेल से एक महीने के लिए पैरोल घर आया था। उसके बाद वह जेल में नहीं लौट सका। उस मामले में बाद नवंबर 2022 को पुलिस ने सोनवर्षा स्थित उसके घर की कुर्की-जब्ती भी की थी। तब पुलिस ने उसके घर के दरवाजे-खिड़की तक उखाड़ दिया था।

## दो ट्रक पर लदी लाखों की अंग्रेजी शराब साथ राजस्थान के तीन तस्कर गिरफ्तार

**केटी न्यूज/आरा**

भोजपुर पुलिस ने शुक्रवार को अंग्रेजी शराब की बड़ी खेप के साथ अंतर्राज्यीय तस्करी गिरोह के तीन सदस्यों को गिरफ्तार किया गया है। छापेमारी के दौरान दो ट्रकों से करीब 14 हजार अंग्रेजी शराब जब्त की गयी है। तीन मोबाइल और दो जीपीएस सिस्टम भी बरामद की गयी है। पुलिस को यह सफलता गजराजगंज ओपी और बिहिया थाना क्षेत्र में मिली है। गिरफ्तार तस्करों में राजस्थान के बाड़मेर जिले के शिवा थाने के मुखव गांव के तेजा राम, थोरीमेना थाने के रोहिला गांव निवासी गोविंदा कुमार और दिनेश कुमार विश्नोई शामिल हैं। शराब की खेप पंजाब से मंगाई गई थी। जब्त शराब की कीमत लाखों रुपए बतायी जा रही है। एसपी प्रमोद कुमार की ओर से शनिवार को प्रेस कांफ्रेंस में यह जानकारी दी गयी। उन्होंने बताया कि शुक्रवार को करीब एक बजे सूचना मिली कि एनएच 922 के रास्ते पंजाब से हरियाणा नंबर के ट्रक से अंग्रेजी शराब की बड़ी खेप लायी जा रही है। उस आधार पर एएसपी चंद्रप्रकाश के नेतृत्व में टीम गठित कर गजराजगंज ओपी क्षेत्र के कारीसाथ गांव के पास चेकिंग शुरू की गयी।

## सोन नद में पानी बढ़ने के कारण फंसे 26 ट्रक, वैकल्पिक सड़क बनाने में लगे हैं आठ पोकलेन

**केटी न्यूज/सासाराम**

जिले के इंद्रपुरी के पास सोन नदी के कटार बालू घाट पर पिछले 40 घंटों से 26 ट्रक फंसे हैं। शुक्रवार की सुबह 30 ट्रक बालू लोडिंग करने बीच नदी में गए थे। गुरुवार की देर रात सिंचाई विभाग की ओर से सोन नदी बराज खोल दिया गया, जिससे सोन नदी में पानी का लेवल अचानक बढ़ गया। इसमें दो ट्रक को निकाला गया और दो ट्रक गायब है। 26 ट्रक अब भी फंसे हैं। हालांकि, जिला प्रशासन की ओर से रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया जा रहा है। लगातार खराब मौसम की वजह से ट्रकों को निकालने में परेशानी हो रही है। प्रशासन की ओर से वैकल्पिक सड़क बनाकर ट्रकों को निकालने का प्रयास किया जा रहा है। वैकल्पिक सड़क बनाने में 8 पोकलेन और जेसीबी मशीन लगाई गई हैं।

गुरुवार की रात सोन नदी बराज खोला गया, जिससे शुक्रवार की सुबह अचानक नदी के चारों तरफ पानी बढ़ने लगा। पानी बढ़ता देख ट्रक छोड़कर चालक और खलासी भाग गए। फिर इसकी सूचना जिला प्रशासन को दी गई। सूचना मिलने के बाद मौके पर सीओ अनामिका कुमारी पहुंची और बराज का गेट बंद कराई। एक जुलाई से बालू खनन बंद हो जाने के कारण पोकलेन नहीं लगाए जा सकते थे। इस स्थिति में प्रशासन को विशेष अनुमति लेनी पड़ी। इसके बाद शनिवार की सुबह से आठ पोकलेन और जेसीबी की मदद से वैकल्पिक सड़क बनाई जा रही है। रोहतास और आसपास के इलाके में लगातार बारिश हो रही है। इससे सोन में जल स्तर बढ़ गया।

## एक नजर

### सीवर में व्याप्त अनियमितता, भ्रष्टाचार के खिलाफ शुरू हुआ मुख्यमंत्री को पोस्टकार्ड भेजो अभियान



**केटी न्यूज /गाजीपुर।** सीवर के कार्य में हो रही देरी व भ्रष्टाचार के खिलाफ कचहरी रोड से मुख्यमंत्री को कार्यदाई संस्था पर कार्रवाई करने को लेकर पोस्टकार्ड प्रेषित अभियान की शुरूआत नगर के प्रमुख समाज सेवी विवेक कुमार सिंह शम्मी तथा छात्र नेता व सामाजिक कार्यकर्ता दीपक उपाध्याय के नेतृत्व में शनिवार को की गई। मुख्यमंत्री को पत्र लिखते हुए लोगों ने बताया कि पिछले चार वर्षों से बहुत ही धीमी गति से सीवर का कार्य नगर क्षेत्र में चल रहा है। एक ही रोड की बार -बार खुदाई की जा रही है तथा क्षेत्रवार तरीके से कार्य योजना बनाकर सीवर के कार्य को नहीं किया जा रहा है। इस दौरान मौजूद लोगों ने बताया कि बरसात से पूर्व जो कार्य शुरू किया गया था। यह जानते हुए भी कि मानसून शुरू होने वाला है। कार्यदाई संस्थाओं द्वारा उक्त सड़कों की मरम्मत नहीं कराई गई। जिसके चलते पहली बरसात में ही सीवर के लिए खोदी गई रोडों में दर्जनों गाड़ियां व मोटर साइकिल स्कूल वाहन फंस गए। जिससे आम जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया। इस अभियान में मौजूद लोगों ने एक सुर में कार्यदाई संस्था पर कार्यवाही करने की मांग की तथा जल्द से जल्द सीवर के कार्य को पूर्ण कराने की मुख्यमंत्री से मांग की है। करीब 250 लोगों ने शनिवार को पत्र लिखकर मुख्यमंत्री के यहां अपना विरोध दर्ज कराया। जिसमें प्रमुख रूप से इस अभियान में पूर्व छात्र नेता राजेश प्रजापति ( पप्पू नेता) इन्दीवर वर्मा, मनीष पांडेय, इमरान अंसारी, अभिषेक त्रिपाठी, अश्वनी यादव सिंटू, अभिषेक मौर्य आदि लोग मौजूद रहे।

### नौ साल से केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार झूठ, लूट व कुशासन पर आधारित : गोपाल शर्मा




**केटी न्यूज/जहानाबाद।** वर्तमान केंद्र की मोदी सरकार के नौ साल पूरे हो चुके है। इस नौ साल के पूरे होने के बाद अपनी विफलताओं और घोटालों को छिपाने के लिए जगह जगह 'नौं साल बेमिसाल' के नाम से भारतीय जनता पार्टी कार्यक्रम कर जनता को गुमराह करने की कोशिश कर रही है। जबकि इन दिनों बेरोजगारी, भ्रष्टाचार और झूठे वायदे पर ही आधारित यह सरकार देश की नींव को कमजोर करने में लगी है ताकि यह देश कापोर्रेट घरानों के हाथों की कठपुतली बनकर रह जाये। कांग्रेस की राष्ट्रव्यापी कार्यक्रम 'मोदी सरकार के नौ साल होने पर पूरा देश महंगाई, बेरोजगारी एवं घोटालों से बेहाला। जिलाध्यक्ष ने कहा कि कमरतोड़ महंगाई से आम जनता काफी बेहाल है। आज टमाटर 115 रुपए हो गया। पेट्रोलियम, बिजली, गैस जैसी आवश्यक चीजें पहले से ही महंगी कर दी गई हैं। अब तो हद हो गई मध्यम और निम्न वर्गों के थाली से सब्जी तक गायब हो रही है। वहीं गरीबों का जीना मुहाल हो गया है। अब समय आ गया है कि भाजपा की सरकार को उखाड़ फेंके। तभी भारत और इस देश का संविधान बचेगा। आज देश की सारी संपत्ति रेल, सेल, एयरपोर्ट, बंदरगाह, दूरसंचार, जैसी महत्वपूर्ण सरकारी प्रणाली को अंबानी अडानी जैसे देश के लुटेरों के हाथों बेची जा रही है। इसलिए इस देश के जनता को भी जिम्मेदारी बनती है ऐसे अत्याचारी सरकार को 2024 में खदेड़ देना है।

### ठनका गिरने किसान की मौत, मचा कोहराम

**जहानाबाद।** दो दिनों से जिले से रुक-रुक कर लगातार बारिश हो रही है। शनिवार की शाम जिले में पाली थाना क्षेत्र के सैदावाद गांव निवासी चंदेश्वर चौधरी (60 वर्ष) खेत देखने के लिए बधार जा रहे थे। तभी अचानक उनके ऊपर ठनका गिर गया। जिसके कारण वह गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही उनके परिजन घटनास्थल पर पहुंचे। ठनका गिरने के कारण चंदेश्वर चौधरी गंभीर रूप से झुलस गए। जिन्हें इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। परिवार जनों का रो-रोकर बुरा हाल है। परिजनों का कहना है कि चंदेश्वर चौधरी मजदूरी कर अपने परिवार का भरण पोषण करते थे और खेती बाड़ी का काम करता था। लगातार बारिश होने के कारण खेत में धान बुआई के लिए पानी देखने के लिए वे गए थे। तभी अचानक ठनका गिर गया जिसके कारण उसकी मौत हो गई। मौसम विभाग के द्वारा अलर्ट जारी किया गया है कि दो दिनों तक जिले में लगातार रुक-रुक कर बारिश और वज्रपात होगी। इसलिए लोगों को घर से बाहर न निकलने की हिदायत की गई है।

### डिवाइडर से टकरायी टूरिस्ट बस, आंध्र प्रदेश के 13 लोग घायल, 5 गंभीर

**भभुआ।** जिले के कुदरा थाना क्षेत्र के पावर ग्रिड पुसौली के पास पर्यटकों को लेकर बनारस से गया की तरफ जा रही 16 यात्रियों से भरी मिनी टूरिस्ट बस अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। हादसे में 13 यात्री घायल हुए हैं। ग्रामीणों ने डायल 112 और एनएचएआई के कंट्रोल रूम को घटना की सूचना दी। मौके पर पहुंची 112 नंबर की पुलिस और एनएचएआई की टीम ने 13 घायलों को उपचार के लिए अनुमंडल अस्पताल मोहनिया में भर्ती कराया। पांच लोगों की स्थिति गंभीर बताई जा रही। सभी लोग आंध्र प्रदेश के रहने वाले हैं। वे घूमने के लिए बनारस आए थे। मोहनिया की जिला पार्षद गीता पासी ने बताया कि साउथ के लोग हैं जो बनारस घूम कर गया के लिए जा रहे थे। पुसौली के पास बस पलट जाने से 13 लोग घायल हुए हैं। सभी लोग अनुमंडल अस्पताल में आए हैं जिनका इलाज चल रहा है। पांच लोग सीरियस हैं जिनका इलाज चल रहा है।

सचिव स्वास्थ्य सह कार्यपालक निदेशक, राज्य स्वास्थ्य समिति ने पत्र जारी कर दिए निर्देश

# ग्रामीण स्वास्थ्य स्वच्छता एवं पोषण समिति को किया जायेगा क्रियांवित

- प्रत्येक माह के प्रथम बुधवार को समिति की बैठक की जाएगी आयोजित

**केटी न्यूज/आरा**




राष्ट्रीय स्वास्थ्य निशान के अंतर्गत सभी नागरिकों को सुलभ, प्रभावी गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के लिए ग्रामीण स्तर पर विभिन्न प्रकार के स्वास्थ्य संबंधी कार्यक्रम संचालित किये जा रहे हैं। इसके अंतर्गत स्वास्थ्य सेवाओं का समुदयिकीकरण, गांव स्तर पर प्रदान की जाने वाली स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण संबंधित सेवाओं का समुदाय द्वारा समुचित संचालन, उपभोग एवं अनुश्रवण किये जाने के उद्देश्य से स्वास्थ्य स्वच्छता एवं पोषण समिति का गठन किया गया है। लेकिन कई वर्षों से ग्रामीण स्वास्थ्य स्वच्छता एवं पोषण समिति की बैठक आयोजित नहीं की जा रही है तथा कई चयनित पंचायत सदस्यों का नाम उक्त समिति में नहीं जोड़ा गया है। इस बाबत सचिव स्वास्थ्य सह कार्यपालक निदेशक, राज्य स्वास्थ्य समिति, बिहार संजय कुमार सिंह ने पत्र जारी कर सिविल सर्जन को आवश्यक निर्देश जारी किये हैं।

**ग्रामीण स्वास्थ्य स्वच्छता एवं पोषण समिति को पुनर्जीवित किये जाने की जरुरत:** जारी पत्र में बताया गया है कि ग्रामीण स्वास्थ्य स्वच्छता एवं पोषण समिति का गठन पंचायती राज अधिनियम 2006 की धारा-25(5) के अंतर्गत पंचायत स्तर पर कार्यरत स्थायी समिति-लोक स्वास्थ्य परिवार कल्याण एवं ग्रामीण स्वच्छता समिति को स्वास्थ्य विभाग द्वारा कोआपरेटिव कर गठित किया गया है। जारी पत्र में बताया गया है कि कई वर्षों से ग्रामीण स्वास्थ्य स्वच्छता एवं पोषण समिति की बैठक आयोजित नहीं की जा रही है तथा कई चयनित पंचायत सदस्यों का नाम उक्त समिति में नहीं जोड़ा गया है। ग्रामीण समुदाय स्तर पर चलाये जा रहे इस योजना को पंचायती राज विभाग के साथ मिलकर पुनर्जीवित किये जाने की जरुरत है।

**ग्रामीण स्वास्थ्य स्वच्छता एवं पोषण समिति की संरचना:** प्रत्येक ग्रामीण स्वास्थ्य स्वच्छता एवं पोषण समिति में अध्यक्ष सहित कम से कम तीन और अधिकतम पांच सदस्य हो सकते हैं. समिति में अध्यक्ष के रूप में मुखिया, सचिव एक एएनएम तथा तीन अन्य सदस्य हो सकते हैं. निगरानी समिति में अधिकतम 4 सदस्य हो सकते हैं। हर माह समिति की बैठक करना तथा योजनाओं के लिए उपलब्ध अनटाइड राशि का पूर्ण उपयोग करना है। गांव स्तर पर वीएचएसएनडी के अंतर्गत दी जाने वाली सभी सेवाओं को बेहतर तरीके से संचालन एवं अनुश्रवण की जिम्मेदारी ग्रामीण स्वास्थ्य स्वच्छता एवं पोषण समिति की होती है। समिति द्वारा हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर पर स्वास्थ्य शिविर का आयोजन के साथ टीबी, कुष्ठ, मानसिक रोड आदि संबंधित रोगियों की पहचान एवं स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ लेने के लिए प्रेरित करना है। साथ ही वार्षिक कार्ययोजना तैयार कर आवश्यकतानुसार ग्राम सभी से पारित कराकर सामुदायिक लाभ के लिए समिति द्वारा अन्य श्रोत से अनुदान प्राप्त करने का प्रयास करना है। प्रत्येक तीन माह में निगरानी समिति के साथ समन्वय बैठक भी की जानी है।

# प्रकृति की मार: डुमरांव के महरौरा में आकाशीय बिजली गिरने से महिला की मौत

- 24 घंटे के अतराल पर आकाशीय बिजली ने ली दो की जान, शुक्रवार को सुरौंधा में किशोर की हुई थी मौत

**केटी न्यूज/डुमरांव**

स्थानीय थाना क्षेत्र के महरौरा गांव में आकाशीय बिजली गिरने से एक महिला की दर्दनाक मौत हो गई हैं। घटना शनिवार दोपहर बाद करीब 2.45 बजे की हैं। मृतका संपतिया देवी उम्र 63 वर्ष स्व रामलाल भर की पत्नी थी। जानकारी के अनुसार वह शनिवार को दोपहर घर से अपने पालतू बकरियों को चराने के लिए निकली थी। करीब पौने तीन बजे वह बधार में बकरी चरा रही थी। इसी दौरान अचानक उसके पास एक आकाशीय बिजली गिरी। जिसकी चपेट में आने से उसकी मौत हो गई। इसकी जानकारी मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। परिजन आनन फानन में उसे इलाज के लिए लेकर अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचे। जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बता दें कि शुक्रवार को भी सुरौंधा के अनुसूचित जाति बस्ती स्थित एक झोपड़ी में आकाशीय बिजली गिरने से चैन राम का 16 वर्षीय पुत्र राजीव राम की मौत हो गई थी। जबकि पांच किशोर झुलस गए थे। ठीक 24 घंटे बाद घटना की पुनरावृति में महिला की जान चली गई हैं। लगातार दो दिनों तक आकाशीय बिजली से जान माल की क्षति से इलाकाई लोगों में भय व्याप्त है।


महिला की मौत के बाद मातम मनाते परिजन व शुभचिंतक।


बिजली गिरने के बाद सड़क पर बना गड्ढा।

## धनसोई में नहर में डूबने से युवक की मौत, पसरा मातम

**राजपुर।** धनसोई थाना क्षेत्र के कैथहर कला पंचायत के लक्ष्मी टोला में एक युवक की नहर में डूबने से मौत हो गई हैं। मृतक की पहचान इसी टोला के सुभाष चौधरी का 30 वर्षीय पुत्र अजित चौधरी के रूप में हुई हैं। जानकारी के अनुसार वह शुक्रवार की शाम ही घर से शौच के लिए निकले थे, लेकिन लौट कर नहीं आए। पूरी रात परिजन तथा कुछ ग्रामीण उनकी तलाश करते रहें, लेकिन कुछ पता नहीं चला था। सुबह में किसी ग्रामीण की नजर नहर में उतराए शव पर पड़ी। देखते ही देखते पूरे टोले में यह खबर फैल गई। मृतक के परिजन भी मौके पर पहुंचे तथा शव की पहचान कर विलख विलख कर रोने लगे। नहर के पास परिजनों की चिख पुकार से माहौल गमगीन हो गया था। ग्रामीणों ने शव को पानी से बाहर निकालने के साथ ही स्थानीय पुलिस को इसकी खबर दी। सूचना मिलते ही राजपुर पुलिस ने शव को कब्जें में ले पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल बक्सर भेजा। हालांकि समाचार लिखे जाने तक मृतक के परिजनों द्वारा न तो प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी और न ही किसी से अदावत की बात ही कही गई। आशंका जताई जा रही है कि शौच के दौरान ही नहर में गिरने से उसकी मौत हुई होगी। धनसोई थानाध्यक्ष ज्ञान प्रकाश सिंह ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि शव को कब्जे में ले पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया गया है। उन्होंने बताया कि प्रथम दृष्या शौच के दौरान नहर में गिरने से मौत होना प्रतीत हो रहा हैं। उन्होंने कहा परिजनों द्वारा लिखित शिकायत नहीं दी गई है।

## खबरें फटाफट

### खेलने गई किशोरी गायब, परिजनों ने दर्ज कराया केस

**डुमरांव।** कोरानसराय थाना क्षेत्र के बनकट गांव की एक किशोरी पिछल तीन दिनों से रहस्यमय ढंग से गायब हो गई है। उसके गायब होने के बाद परिजन काफी परेशान हैं तथा अपने स्तर से खोजबीन के बाद जब सुराग नहीं मिला तो स्थानीय थाने में एफआईआर दर्ज करा न्याय की गुहार लगाई है। गायब होने वाले किशोरी की पहचान बनकट के स्व सुरेन्द्र महतों की 11 वर्षीय पुत्री लक्ष्मी कुमारी के रूप में बताई जा रही है। इस संबंध में किशोरी की मां सविता देवी ने पुलिस को दिए आवेदन में बताया है कि 29 जून को लगभग 2 बजे उसकी बेटी लक्ष्मी गांव में ही खेलने के लिए निकली थी, लेकिन लौट कर नहीं आई। शाम होने के बाद उसकी खोजबीन शुरू की गई। लेकिन कही भी पता नहीं चल सका है। परिजन किसी अनहोनी की आशंका से सहमें हुए हैं। जानकारों की मानें तो किशोरी के मानव तस्करों के चंगुल में फंसने से भी इंकार नहीं किया जा सकता है। कोरानसराय थानाध्यक्ष रंजीत कुमार ने बताया कि मामला दर्ज कर किशोरी की पड़ताल की जा रही है।

### नंदन गांव के कन्या मध्य विद्यालय में लगे समरसेबल की चोरी

**डुमरांव।** प्रखंड के कन्या मध्य विद्यालय नंदन में छात्रों को पेयजल आपूर्ति के लिए लगे समरसेबल की चोरी अज्ञात चोरों ने कर ली है। शनिवार को छुट्टी के बाद स्कूल खुलने पर इस बात की जानकारी प्रधानाध्यापक तथा अन्य शिक्षकों को लगी। प्रधानाध्यापक अजय कुमार द्वारा इस घटना की जानकारी विद्यालय शिक्षा समिति व बईओ सुरेश प्रसाद को फोन पर दी गई। वही डुमरांव थाने में भी लिखित आवेदन दे अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कराया हैं।

### ब्रह्मपुर में करंट लगने से युवक की मौत

**ब्रम्हपुर।** ब्रम्हपुर प्रखंड अंतर्गत पोखरहां गांव निवासी राजेंद्र पांडेय, (पिता स्व. कृष्णा पांडेय) की सुबह करंट लगने से मौत हो गई। पेशे से बस ड्राइवर चालीस वर्षीय राजेन्द्र पांडेय अपने पीछे दो नन्हे बालक छोड़ गए है। गांव के लोगों से मिली जानकारी के अनुसार बिजली के खम्भे और तार बदले हुए काफी समय हो गया था और ये जर्जर हालत में थे। बारिश होने के कारण बिजली के तार टूट कर उनके घर के पास गिरा हुआ था, जिसमे करंट दौड़ रहा था। जैसे ही वो घर से बाहर निकले करंट की चपेट में आ गये, जिसके कारण उनकी मौत हो गई। बिजली विभाग की लापरवाही के कारण हंसते खेलते परिवार की खुशियां छीन गई।

## राजपुर के देवढ़िया गांव में 29 जून को अपराधियों ने घर में घुसकर की थी गोलीबारी

# 48 घंटे के अंदर चौकीदार पुत्र हत्याकांड का खुलासा, छह अभियुक्त गिरफ्तार





- शराब तस्करों ने दिया है घटना को अंजाम, मृतक के भाई को भी मारने की फिराक में थे हत्यारे
- हत्यारों को गिरफ्तार कर पुलिस ने अपराधियों को दिए सख्त संदेश
- फरार चल रहे दो अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए चल रही छापेमारी

**केटी न्यूज/राजपुर**

राजपुर थाना क्षेत्र के देवढ़िया गांव में 29 जून की देर रात अपराधियों ने गांव के चौकीदार बिरजा पासवान के घर हमला बोल उनके पुत्र टुनटुन पासवान को गोलियों से छलनी कर दिया था। जबकि चौकीदार का पोता व मृतक के पुत्र संजीव को भी गोली लगी थी। पुलिस ने इस घटना को चुनौती के रूप में लेते हुए 48 घंटे के अंदर कांड में संलिप्त 8 में से 6 अभियुक्तों को गिरफ्तार हत्याकांड का खुलासा कर लिया है। पुलिस ने इस घटना में प्रयुक्त पिस्टल व कट्टा के साथ ही एक गोली भी अभियुक्तों के घर से बरामद किया है। प्रेस रिलीज जारी कर पुलिस ने इसकी जानकारी दी है। वहीं फरार चल रहे दो अभियुक्तों की गिरफ्तार के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है। पुलिस की इस त्वरित कार्रवाई से अपराधियों को काफी सख्त संदेश पहुंचा है। बता दें कि चौकीदार के घर घुस उसके पुत्र की हत्या कर अपराधियों ने अपने बढ़े मनोबल का परिचय दिया था। जिससे पुलिस विभाग की किरकिरी हो रही थी। वही अपराधियों के दुस्साहस से लोगों में भय व्याप्त था। मृतक की पत्नी सुनीता देवी द्वारा एफआईआर दर्ज कराने के बाद पुलिस ने अपराधियों को गिरफ्तार कर अपनी साख बचाई है। गिरफ्तार अभियुक्तों ने इस घटना में अपनी संलिप्तता स्वीकार ली है। आवश्यक पूछताछ के बाद उन्हें जेल भेज दिया गया है। सभी अभियुक्त देवढ़िया के ही रहने वाले है तथा शराब कारोबार से जुड़े है। गिरफ्तार अभियुक्तों में रामाशीष राम व उनके दो पुत्र नीतीश राम, अखिलेश राम के अलावे अजय उर्फ उपेन्द्र राम पिता राजेन्द्र राम, ओमप्रकाश राम उर्फ नारायण राम पिता सुदार्शन राम व लालजी राम पिता विनोद राम शामिल है। इनमें नीतीश राम को ही मुख्य अभियुक्त बताया जा रहा है जो शराब तस्करी मामले में हाल ही में जेल से छूटकर बाहर आया था।

### चौकीदार पर था शराब की खेप पकड़वाने का शक

मिली जानकारी के अनुसार कुछ दिन पहले देवढ़िया में शराब की खेप को पुलिस ने पकड़ा था। इस दौरान नीतीश राम भी तस्करी के आरोप में गिरफ्तार हुआ था। नीतीश तथा उसके गिरोह को शक था कि चौकीदार बिरजा ही उनके खेप को पकड़वाया है। यही कारण है कि जेल से बाहर आते ही दीपक ने प्रतिशोध में चौकीदार के पुत्रों की हत्या की साजिश रची तथा अपने भाई रामाशीष तथा अन्य अभियुक्तों के साथ मिल 29 जून की रात 10 .30 से 11 बजे के बीच चौकीदार के घर हमला बोल दिया। इस दौरान गोली लगने से चौकीदार पुत्र टुनटुन की मौके पर ही मौत हो गई थी जबकि उसका बेटा संजीव कुमार भी गोली लगने से घायल है। जिसका इलाज पटना पीएमसीएच में चल रहा है।

### अपराधियों के सामने नहीं होने के कारण बची छोटे बेटे की जान

बता दें कि चौकीदार बिरजा पासवान के दो पुत्रों में मृतक बड़ा था। हत्यारे उसके साथ ही छोटे बेटे शशि पासवान को भी मारना चाहते थे। लेकिन जिस वक्त अपराधियों ने उनके घर हमला किया उस वक्त उनके हमले में चौकीदार बाल बाल बच गया जबकि छोटा बेटा सामने नहीं आया। जिस कारण उसकी जान बच गई। हत्यारों की मंशा को जानने के बाद पुलिस भी हैरान हो गई।

### घटना के बाद जिले भर के चौकीदारों में बना हुआ है भय

इस घटना के बाद जिलेभर के चौकीदारों में भय बना हुआ है। बता दें कि चौकीदार पुलिस व पब्लिक के बीच कड़ी की भूमिका निभाते हैं। वही विभिन्न गांवों में होने वाली घटनाओं की जानकारी भी चौकीदार ही पुलिस को देते हैं। इसके अलावे शराब तथा अन्य मादक पदार्थों की तस्करी रोकने के लिए चौकीदारों को बड़ी जिम्मेवारी दी गई है। बता दें कि करीब एक महीना पहले बक्सर में तैनात तथा सिकरौल थाना क्षेत्र के रेंका निवासी चौकीदार सुमन को भी ड्यूटि से घर आने के दौरान अज्ञात वाहन ने धक्का मार दिया था। जिसकी बनारस में इलाज के दौरान मौत हो गई थी। तब दबे जुबां से परिजन ने जानबूझकर उसके बाइक में धक्का मारने की बात कही थी। अब देवढ़िया में चौकीदार के घर हमला होने से जिले भर के चौकीदार सहमे हुए हैं।

**क्या कहते हैं एसपी:** एसपी मनीष कुमार ने कहा कि चौकीदार पुत्र हत्याकांड का उद्भेदन कर लिया गया है। छह अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है। उनके पास से घटना में प्रयुक्त पिस्टल व कट्टा भी बरामद हुआ है। गिरफ्तार अभियुक्तों में नीतीश राम का अपराधिक रिकार्ड है। फरार चल रहे दो अभियुक्तों को भी जल्द पकड़ लिया जाएगा।

## एक नजर

### डॉक्टर्स डे पर रोटरी क्लब ने किया डुमरांव नगर के डॉक्टरों को सम्मानित



**डुमरांव।** शनिवार को डाक्टर्स डे पर शहर में अलग अलग कार्यक्रम आयोजित हुए। एक तरफ चर्चित हड्डी रोग विशेषज्ञ डा बिरेन्द्र राम ने अपने सहयोगियों के साथ केक काट डाक्टर्स डे मनाया तथा अन्य डाक्टरों को बधाई दी तो दूसरी तरफ रोटरी क्लब द्वारा डाक्टरों के चैंबर व घर जा जाकर उन्हें सम्मानित किया गया। क्लब के अध्यक्ष राजेश केशरी, सचिव एस एम साहिल, पूर्व अध्यक्ष शत्रुध्न्न प्रसाद उर्फ मोहनजी, वरिष्ठ सदस्य नरेश पोद्दार और इफ्तखार अहमद ने डुमरांव के सभी डॉक्टरों के यहां घूम घूम कर उनके क्लिनिक पर जाकर सम्मानित किया। इस दौरान डा बालेश्वर सिंह, डा गिरीश सिंह, डा आर बी प्रसाद, डा राजेश, डा अजित कुमार, रोटरी जगदीश आई अस्पताल के डा अजित, डा मोनिका सिंह, डा साकार सिंह, डा आनंद पांडेय, डा शैलेश श्रीवास्तव, डा सुमित सौरभ, डा प्रेमा कुमारी, सहित प्रताप सागर अस्पताल के सभी डाक्टरों को मोमेंटो और बुके देकर सम्मानित किया। वहीं अनुमंडलीय अस्पताल में ड्यूटि के दौरान डा राम ने डार्क्स डे सेलिब्रेट किया तथा केट काट खुशियां मनाई। उन्होंने कहा कि डाक्टरी सिर्फ पेशा नहीं बल्कि एक धर्म भी है। उन्होंने कहां कि मरीजों की सेवा से बड़ा धर्म नहीं होता है। इस दौरान वहां मौजूद लोगों ने उन्हें डाक्टर्स डे की बधाई दी।

### केसठ पीएचसी में मनाया गया डाक्टर्स डे

**केसठ।** पीएचसी केसठ में शनिवार को डाक्टर्स डे मनाया गया। जिसका नेतृत्व पीएचसी के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डा विनय कुमार ने किया। उन्होंने कहा कि यह दिन जीवन बचाने वाले डाक्टरों के प्रति सम्मान और आभार व्यक्त करने के लिए मनाया जाता है। यह दिन उन सभी डॉक्टरों और स्वास्थ्य कर्मियों के लिए जश्न मनाने का दिन है, जो बड़े पैमाने पर समाज की सेवा कर रहे हैं। बता दें कि इस बार 33 वां राष्ट्रीय डाक्टर्स डे मनाया जा रहा है। उन्होंने डाक्टर्स डे के इतिहास पर प्रकाश डालते हुए कहा कि देश में डाक्टर्स डे मनाने की शुरूआत 1 जुलाई 1991 से की गई थी। यह दिन प्रसिद्ध चिकित्सक शिक्षाविद और बंगाल के दूसरे मुख्यमंत्री डा बिधान चंद्र रॉय के जन्मदिन के उपलक्ष्य में मनाया जाता है। इनका जन्म 1 जुलाई 1882 को बिहार के पटना में हुआ था। चिकित्सा क्षेत्र में उनके योगदान को सम्मान देने के लिए हर साल 1 जुलाई को डाक्टर डे के रूप में मनाया जाता है। उन्होंने बताया कि इस दिवस का महत्व डाक्टरों के कर्तव्यों, महत्व और योगदान के बारे में लोगों को जागरूक करना है। इस बार डाक्टर डे फैमिली डॉक्टर्स ऑन द फ्रंट लाइन के थीम पर मनाया गया। इस दौरान प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी के द्वारा सैकड़ों मरीजों को भिन्न-भिन्न बीमारियों के संबंध में परामर्श दिया गया। मौके पर विक्की, अप्पू, पप्पू सहित अन्य मौजूद थे।

### केसठ के वार्ड 7 में शुरू हुई नल जल से आपूर्ति

**केसठ।** प्रखंड के स्थानीय कतिकनार गांव के वार्ड 7 में नल जल योजा से आपूर्ति शुरू हो गया। इस संबंध में जानकारी देते हुए मुखिया छठु राम से बताया कि विभाग के द्वारा बोरिंग कर की गई थी और कार्य अधूरा छोड़ दिया गया था। लेकिन मोटर पंप और कनेक्शन नहीं किया गया था। जिसके कारण ये करीब दो महीनों से अधूरा पड़ा हुआ था। जिसकी शिकायत बीपीआरओ से की गई थी। मुखिया ने बताया कि शनिवार को विभाग के द्वारा मोटर पंप और कनेक्शन करने का कार्य शुरू कर दिया गया है। अब लोगों को पानी के लिए इधर उधर नहीं भटकना पड़ेगा।

### सड़क पर जल जमाव की समस्या से निजात के लिए शिष्टमंडल डीएम से लगाएगा गुहार

**नावानगर।** पहली बारिश में प्रखंड के स्थानीय बाजार की स्थिति देखने लायक नहीं है। यूं कहा जाए कि बाजार की सड़क पर जमाव हुई बरसात के पानी से स्थिति नरक से भी बद्तर हो गई है। बाजार के लगभग तीन सौ फीट सड़क पर पानी जमाव लगा हुआ है। जिसकी निकासी होने की कोई संभवना प्रतिक नहीं हो रही है। ऐसे में बाजार के दुकानदार से लेकर खरीददारों के समक्ष चुनौती भरी समस्या उत्पन्न हो गई है। इधर इस समस्या को लेकर नावानगर के बुद्धिजीवी लोगों की एक शिष्टमंडल जल्द डीएम से मिलकर स्थिति से अवगत कराने की रणनीति में जुटे हुए हैं। इसकी जानकारी शनिवार को पैक्स अध्यक्ष मृत्युंजय सिंह ने दिया। उन्होंने बताया कि नावानगर बाजार से होकर डुमरांव-विक्रमगंज हाईवे गुजर रही है। हाईवे पर वाहनों की बराबर आवागमन होती रहती है। पर पानी निकासी की समुचित व्यवस्था नहीं होने से बारिश एवं नाला का गंदा पानी सड़क पर फैली हुई है। जिससे लोगों को आने-जाने में परेशानी होती है। हद तो तब हो जाती है, जब बारिश होने के बाद सड़क नहर का रुप ले लेती है। उन्होंने बताया कि हाईवे पर हमेशा पानी जमाव होने से सड़क बर्बाद हो रही है। इसको लेकर जल्द ही गांव के एक शिष्टमंडल डीएम के पास गुहार लगाएंगे। जिससे की पानी निकासी की समुचित व्यवस्था हो सके।

## अच्छी बारिश से किसान खुश, ग्रामीण क्षेत्रों में गहराया बिजली संकट

# लगातार तीसरे दिन हुई झमाझम बारिश से कई इलाके हुए पानी-पानी

**केटी न्यूज/डुमरांव**

अनुमंडल क्षेत्र में लगातार तीसरे दिन झमाझम बारिश हुई। दोपहर दो के बाद करीब आधा घंटा तक हुई तेज बारिश से शहर के कई इलाकों में घुटने तक पानी जमा हो गया। इस दौरान लोगों को इसी गंदगी वाले पानी के बीच से होकर गुजरना पड़ा। कई इलाकों में तो इतना जलजमाव हो गया था कि इसमें बच्चे कूद-कूद कर अठखेलियां कर रहे थे।

लगातार हो रही बारिश से लोगों को कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। शहरी क्षेत्र में जलजमाव से सबसे अधिक परेशानी आवागमन की हो रही है। जानकारी के अनुसार पहली बरसात में नगर का टेक्सटाईल कॉलोनी पूरी तरह से जलजमाव से घिर चुका है। वही लालगंज कड़वी पथ में भी जलजमाव से लोगों को आवागमन में परेशानी बढ़ी है। कड़वी के अखिलेश्वर सिंह ने बताया कि मुख्य पथ के दोनों तरफ नालियां तो बनाई गई हैं, लेकिन नालियां अनुपयोगी बनी हुई है। उन्होंने कहा कि नालियों का लेबल ठीक नहीं है जिस कारण इससे पानी निकलना तो दूर उल्टे एनएच 120 की तरफ से पानी भी इसी नाले में आती है। उन्होंने कहा कि पानी के बहाव की विपरीत दिशा में नाली बनाने से ऐसी समस्या आई है। वहीं संत कॉलोनी, फूलचंद कानू पथ, जवाहिर मंदिर पथ समेत शहर के दर्जन भर मुहल्लों की गलियों में जलजमाव हो गया है। सफाई के अभाव में कई नालियां भी ओवर फ्लो कर रही है। वही शहर के आस पास के ग्रामीण क्षेत्रों की बिजली आपूर्ति भी बरसात की भेंट चढ़ गई है। हालांकि अच्छी बारिश के बाद किसान काफी खुश नजर आ रहे हैं। मॉनसून के सक्रिय होने से किसान अब कृषि कार्य के लिए सक्रिय हो गए है। शनिवार को भी विभिन्न बधारों में किसान अपने खेतों को रोपनी लायक बनाते देखे गए।





**केसठ पुराना बाजार में हुआ जलजमाव**

**केसठ।** केसठ पुराना बाजार वार्ड 9 में नाली की सफाई नहीं होने के कारण गली में जल जमाव हो गया है। जानकारों का कहना है कि ये समस्या विगत कई महीनों से है, लेकिन बारिश होने से जलजमाव काफी बढ़ गया है। नाली जाम होने के कारण पानी नहीं निकलता है। वार्ड वासियों का कहना है कि थोड़ी सी बारिश हुई और पूरा गली जलमग्न हो गया। जबकी अभी बरसात की शुरूआत ही हुई है। लोगों को ये चिंता सताने लगी है कि अगर लगातार बारिश होगी तो गली पूरी तरह से जलमग्न हो जायेगी। ऐसे में उन्हें संक्रामक बीमारियों के फैलने की भी चिंता सताने लगी है। वहीं लोगो ने बताया कि लगातार हो रही बारिश से अब पानी घरों में घुसने लगा है।

## खबरें फटाफट

### आकाशीय बिजली की चपेट में आने से अधेड़ की मौत

**बलिया।** फेफना थाना क्षेत्र के मिड्ढा गांव निवासी दद्दन खरवार 55 की शनिवार की शाम अकाशीय बिजली की चपेट में आने से मौत हो गई। आसपास के लोगों ने आनन-फानन में जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। वहीं शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। सूचना मिलते ही शुभेच्छुओ का तांता लग गया।

### करंट लगने से महिला की मौत

गाजीपुर। सुहवल थाना अंतर्गत मलसा गांव में शनिवार को एलटी लाइन का तार अचानक टूट कर गिर गया। जिसके कारण अपने दरवाजे पर खड़ी महिला मुन्नी देवी (50) करंट की जद में आ गई। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के चलते परिजनों में कोहराम मच गया

### छात्र का मोबाइल लूटा

**गाजीपुर।** मोदीनगर में गोविंदपुरी स्थित भीड़भाड़ वाले क्षेत्र शिव चौक के निकट सुबह परीक्षा देने जा रहे एलएलबी के छात्र से पल्सर सवार तीन बदमाशों ने मोबाइल फोन लूट लिया। दोनों बदमाशों ने मुंह पर अंगौछा बांध रखा था। पुलिस मार्केट में लगे सीसीटीवी कैमरे खंगाल रही है। दूसरी ओर, दिनदहाड़े इस लूट की वारदात से व्यापारियों में रोष व्याप्त है। छोटी मार्केट कॉलोनी निवासी सुधांशु मेरठ के एक कॉलेज में एलएलबी का छात्र है। इन दिनों परीक्षाएं चल रही हैं।

### कार्यकर्ता सम्मेलन पर दिया गया जोर

**बलिया।** जनता दल यूनाइटेड के जिला कार्यकारिणी की बैठक शनिवार को गंगहरा स्थित जिला कार्यालय पर संपन्न हुई। बैठक में आगामी तीन जुलाई को होने वाले कार्यकर्ता सम्मेलन पर विचार-विमर्श किया गया। इस दौरान बैठक में सभी सम्मानित सदस्यों को जिम्मेदारियां सौंपी गई। कार्यक्रम के संयोजक व प्रदेश सचिव अवलेश सिंह ने सुनिश्चित किया कि कार्यकर्ता सम्मेलन सभी भाइयों व बहनों के लिए जलपान आदि की व्यवस्था की गई है। उन्होंने अपील किया कि अधिक से अधिक संख्या में कार्यकर्ता कार्यक्रम में पहुंचकर कार्यक्रम को सफल बनाने पर जोर दें।

### वृक्षारोपण कार्यक्रम का हुआ आयोजन

बिल्थरारोड। एक सप्ताह तक चलने वाले वन महोत्सव कार्यक्रम के अवसर पर शनिवार को प्रभावती बलिराम इंटरमीडिएट कालेज सरया डीहभगत में वन क्षेत्राधिकारी बेल्थरारोड रेंज सत्येंद्र सिंह के नेतृत्व में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें आम, अमरूद, आंवला, नीबू, पपीता गुलाब आदि फूल एवं फलदार वृक्ष दो दर्जन लगाये गये।

# गाजीपुर में शुरू हुआ वन महोत्सव, डीएम ने किया शुभारंभ, पौधरोपण का दिया संदेश

- वृक्ष लगाओ धरा बचाओ के नारे के साथ पौधों की निकाली गई बारात
- लोगों से पर्यावरण बचाने के लिए एक-एक पौध लगाने की अपील



पौधा रोपण करती गाजीपुर की डीएम आर्यका अखौरी

**गाजीपुर।** जनपद में शनिवार को वन महोत्सव का शुभारंभ हुआ। मुहम्मदाबाद तहसील में उदघाटन समारोह आयोजित किया गया। इस मौके पर जिलाधिकारी आर्यका अखौरी एवं प्रभागीय निदेशक द्वारा मौलश्री का पौधा रोपित किया गया। संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर जनपद व तहसील स्तरीय अधिकारियों तथा जनमानस की उपस्थिति में वन महोत्सव के अवसर पर पर्यावरण संरक्षण के लिए पौध रोपण पर डीएम ने विशेष बल दिया। इसके साथ ही जल संरक्षण की भी अपील की गई। शनिवार को जनपद में पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग द्वारा वन महोत्सव के उपलक्ष्य में जखनियां रेंज के अन्तर्गत उच्च प्राथमिक विद्यालय मनिहारी में ह्यवृक्ष लगाओ धरा बचाओह्य, ह्यवृक्ष धरा के भूषण हैंह्य के नारे के साथ पौधों की बारात निकाली गई तथा हरिशंकरी वृक्षारोपण किया गया। सैदपुर रेंज के अन्तर्गत बूढ़ेनाथ महादेव मंदिर के परिसर में पौधरोपण एवं पौध वितरण किया गया। इसी क्रम में जमानियां रेंज के अन्तर्गत भागीरथपुर ग्राम में प्रभात फेरी, गाजीपुर रेंज के अन्तर्गत प्रेम का पुरा भदेव मार्ग पर वन महोत्सव कार्यक्रम के दौरान स्कूली बच्चों में पौध वितरण तथा मरदह रेंज के अन्तर्गत विकास खंड विरनों परिसर में ब्लाक प्रमुख राजन सिंह द्वारा पौधरोपण किया गया। देश में प्रत्येक वर्ष जुलाई माह के प्रथम सप्ताह को वन महोत्सव के रूप में मनाया जाता है। सामाजिक वानिकी प्रभाग के अन्तर्गत रेंजों में जल संरक्षण कार्यक्रम प्रभात फेरी रंगोली एवं चित्रकला प्रतियोगिता, वाद-विवाद, प्लास्टिक पर रोकथाम तथा पौध रोपण एवं वितरण जैसे कार्यक्रमों का आयोजन एक से सात जुलाई तक किया जा रहा है।

## पौधे लगा मनाई गई एसबीआई की 68वीं वर्षगांठ

- शिक्षक व छात्र-छात्रों को पौधा लगाने की दिलाई गयी शपथ
- कॉलेज और बैंककर्मियों ने मिलकर किया पौधरोपण

केटी न्यूज/मऊ

पब्लिक महिला शहर पीजी कॉलेज में शनिवार को 1 जुलाई से 7 जुलाई तक वृक्षारोपण सप्ताह मनाने का निर्णय लिया गया। इसके तहत पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।



इसी क्रम में कस्बे में स्थित भारतीय स्टेट बैंक की 68वीं वर्षगांठ के मौके पर शाखा प्रबंधक अभिषेक कुमार जायसवाल ने महाविद्यालय प्रांगण में ही विभिन्न प्रजातियों के लगभग 12 पौधे लगा वर्षगांठ मनाई। इस मौके पर उन्होंने पौधरोपण करते हुए बैंक द्वारा चलाई जा रही योजनाएं एवं समय के साथ बदलती बैंकिंग के बारे में भी महाविद्यालय के शिक्षक एवं शिक्षिकाओं को बताया। उन्होंने कहा कि इस डिजिटल युग में बैंकिंग में आपका बैंक सबसे आगे है। आप डिजिटल बैंकिंग के तहत हर कार्य को आसानीपूर्वक कर सकते हैं। अंत में पौधरोपण के पश्चात पर्यावरण संरक्षण के बारे में भी लोगों को जागरूक किया गया। वहीं शपथ दिलाई गई कि प्रत्येक व्यक्ति कम से कम एक पौधरोपण अवश्य करे।

## करंट की चपेट में आने से बैंक कर्मचारी की मौत

# बलिया में करंट लगने से दो की मौत, एक की हालत गंभीर

- परिवार पर टूटा दु:खों का पहाड़

केटी न्यूज/बलिया

जनपद में 24 घंटे के अंदर अलग-अलग जगहों पर करंट लगने से दो लोगों की मौत हो गई। वहीं एक युवक गंभीर रूप से जख्मी हो गया। पहली घटना बैरिया थाना क्षेत्र के मधुबनी गांव में शुक्रवार की देर रात हुई। लोहे की सीढ़ी में बिजली का करंट उतरने से 38 वर्षीया महिला की मौत हो गई। बताया जाता है कि मधुबनी गांव का निवासी मोहन पटेल ने अपने घर की छत पर चढ़ने व उतरने के लिए आंगन से छत पर दीवाल के सहारे लोहे की सीढ़ी लगा रखी थी। सीढ़ी के समीप बिजली का तार भी गुजर रहा है। बताया जा रहा है कि बारिश की वजह से बिजली के तार से दीवार में करेंट आ गया था तथा दीवार से लोहे की सीढ़ी में भी करेंट उतर आया था। छत से उतरते समय शारदा देवी करेंट की जद में आ गई। इससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। मृतका के चार बच्चे हैं। दस वर्ष व बारह वर्ष के दो पुत्र हैं जबकि एक सोलह वर्ष व एक 20 वर्ष की पुत्री है। मृतका का पति मेहनत मजदूरी कर परिवार चलाता है। इस घटना से परिवार में मातम पसरा है। वहीं बच्चों का रोते-रोते बुरा हाल है।



रोते-बिलखते परिजन।

### सफाई के दौरान करंट से युवक की मौत

दूसरी घटना रेवती थाना क्षेत्र में हुई, जहां करंट की चपेट में आने से बैंक के सफाई कर्मचारी की मौत हो गई। घटना शनिवार की सुबह हुई। मृतक की पहचान रेवती थाना क्षेत्र के ग्राम सभा दिघार निवासी प्रिंस कुमार ठाकुर उम्र 18 वर्ष पुत्र ददन ठाकुर के रूप में हुई। मृतक बैंक आफ बड़ौदा यूपी शाखा पचरूखिया दीघार में कार्यरत था। जैसे ही इसकी सूचना परिजनों को मिली, कोहराम मच गया। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर अंत्य परीक्षण के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया। बता दें कि रेवती थाना क्षेत्र के दीघार गांव निवासी प्रिंस कुमार ठाकुर बड़ौदा यूपी बैंक दीघार पर काम कर रहा था। प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रतिदिन की भांति वह बैंक पर गया था। इसी बीच किसी काम के लिए बैंक के प्रांगण में सफाई करते वक्त करंट की जद में आ गया। मौके पर ही उसकी मौत हो गई। बेटे की मौत की सूचना जैसे ही मां रीना देवी को मिली, वह बेहोश हो गई। उधर पिता ददन ठाकुर भी अपना सुधबुध खो चुके थे। इस बाबत दीघार के शाखा प्रबंधक दीपक सिंह ने बताया कि इस मामले में मैं कुछ भी नहीं कह सकता हूं। शुक्रवार को हमने लड़के को बैंक में देखा था, जो यहां के शाखा प्रबंधक हैं वह छुट्टी से आएंगे तो बता पाएंगे कि लड़का बैंक में काम करता था कि नहीं।

### पंखा बना रहे युवक की करंट से मौत

बांसडीह। कितृर्पुर गांव में शनिवार की सुबह पंखा में करंट आ जाने से 35 वर्षीय रमेश कुमार गंभीर रूप से घायल हो गए। रमेश कुमार टेबल फैन की मरम्मत कर रहे थे। अचानक फैन में करंट आ जाने से घायल हो गए। परिजन उन्हें पीएचसी ले गए, जहां से डाक्टरों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

## सपाइयों ने मनाया पार्टी मुखिया अखिलेश यादव का जन्मदिन

केटी न्यूज/गाजीपुर

समाजवादी पार्टी कार्यालय लोहिया भवन पर जिलाध्यक्ष गोपाल यादव की अध्यक्षता में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव का जन्मदिन लोक कल्याण दिवस के रूप में शनिवार को केक काटकर मनाया गया। इस अवसर पर सभी वक्ताओं ने राष्ट्रीय अध्यक्ष को बधाई दी। उनके स्वस्थ और दीघार्यु होने की कामना की गई। सभी कार्यकताओं ने 2024 लोकसभा के चुनाव में भाजपा की नफरत की राजनीति और उसकी कुनीतियों से जनता को मुक्ति दिलाने के साथ- साथ समाजवादी आंदोलन को और आगे बढ़ाने, संगठन को मजबूत करने, हर समाज एवं वर्ग के लोगों को संगठन से जोड़ने, देश के धर्म निरपेक्ष स्वरूप, साम्प्रदायिक सद्भाव एवं सौहार्द, संविधान और लोकतंत्र तथा सामाजिक न्याय की रक्षा



करने एवं साम्प्रदायिक एवं फासिस्टवादी ताकतों के खिलाफ संघर्ष करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष गोपाल यादव ने राष्ट्रीय अध्यक्ष को बधाई देते हुए कहा कि आज देश और प्रदेश को अखिलेश जैसे नेता की जरूरत है, जो अपनी विकासवादी नीतियों से देश को विकास के रास्ते पर ले जा सके। उन्होंने कहा कि आज जब देश महंगाई, भ्रष्टाचार, बेरोजगारी के चलते त्राहि-त्राहि कर रहा है, ऐसे दौर में देश और प्रदेश की जनता बड़ी बेसब्री और उम्मीद भरी नजरों से अखिलेश की तरफ देख रही है। उन्होंने कहा कि अखिलेश जैसे चट्टानी इरादे और दृढ़ संकल्प का धनी देश में कोई नेता नहीं है।

## बलिया में बस की छत से टपकता है पानी

- परिवहन मंत्री के जिले में रोडवेज बस की छत से टपक रहा बरसात का पानी
- यात्री हुए परेशान, बैलगाड़ी से की बस की तुलना

केटी न्यूज/बलिया। तिलक कुमार

आपने अक्सर कच्चे घरों की छतों से बरसात के दिनों में पानी टपकते सुना होगा, लेकिन बलिया में बसों की छतों से पानी टपक रहा है। बलिया को बंबई बनाने वाले परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह के जिले में बस का हाल यह है कि छत से पानी टपक रहा है। यात्री परेशान हैं।

बता दें कि बरसात में उत्तर प्रदेश परिवहन निगम की बसों की स्थिति उजागर हो गयी। परिवहन निगम की बस में सवार यात्रियों को उस समय घोर परेशानियों का सामना करना पड़ा जब चलती बस में बरसात होने लगी। बस की छत से बारिश का पानी यात्रियों के शरीर पर टपटप गिरने लगा। इस दौरान यात्रियों ने बस की तुलना बैलगाड़ी से कर डाली, क्योंकि बस बेहद कम गति से झटके खाती हुई चल रही थी। किसी ने इसका वीडियो बना लिया। वीडियो बलिया से मऊ के लिए जा रही परिवहन निगम की बस का बताया जा रहा है। बलिया नगर से ही सूबे के परिवहन मंत्री दयायशंकर सिंह हैं, जिन्होंने विभिन्न कार्यक्रमों के दौरान बलिया को मुम्बई बनाने का दावा किया था। लेकिन उन्हीं के मंत्रालय के अधीन परिवहन निगम की बसों की यह स्थिति है। वीडियो में देखा जा सकता है कि बस की छत से पानी अंदर टपक रहा है। बस में सवार यात्री भी बस की जर्जर स्थिति बस के अंदर पानी टपकने तथा ओवरलोडिंग की बात करते नजर आए। वीडियो में यह भी देखा जा सकता है कि इस बाबत जब बस कंडक्टर से पूछा गया तो उसका कहना था कि बस पुरानी है। बरसात हो रही है, हम किसको बस पर चढ़ने से मना कर सकते हैं।



### एआरएम ने कहा, होगी जांच

बलिया। इस सम्बन्ध में एआरएम बलिया ने बताया कि हम चेक करवाते हैं कि यह बस बलिया डिपो की है अथवा किसी अन्य डिपो की, क्योंकि यहां रोज सैकड़ों गाड़ियां आती हैं। जांच कराने के बाद ही कुछ कहा जा सकता है।

## एक नजर

### विशेषसंचारी रोग नियंत्रण अभियान शुरू



**मऊ।** जिले में विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान शनिवार से शुरू हुआ। मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय प्रांगण में आयोजित समारोह में सीडीओ प्रशांत नागरने हरी झंडी दिखाकर रैली को किया रवाना किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि संचारी रोगों पर नियंत्रण के लिए जन जागरूकता जरूरी है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ नरेश अग्रवाल ने कहा कि संचारी रोग नियन्त्रण अभियान के अन्तर्गत जिले में साफ-सफाई, कचरा निस्तारण एवं छिड़काव तथा प्रचार-प्रसार पर विशेष ध्यान दिया जायेगा, जिससे कि मच्छरों को पनपने से रोका जा सके। अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी नोडल वेक्टर बार्न डॉ आर एन सिंह ने बताया कि अभियान की सफलता के लिए चिकित्सा विभाग जनपद, ब्लाक तथा पंचायत/ग्राम स्तरों पर विभिन्न विभागों के बीच समन्वय बनाकर काम कर रहा है। इस दौरान आशा, एएनएम तथा आंगनबाड़ी कार्यकताओं के सहयोग से समय पर उपचार एवं संन्दर्भन के लिए समुदाय स्तर पर बुखार के मरीजों की खोज की जायेगी।

### जिलाधिकारी ने किया जिला अस्पताल का निरीक्षण



**बलिया।** जिलाधिकारी रवीन्द्र कुमार ने शनिवार को जिला अस्पताल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अपने पूर्व में दिए गए निर्देशों का भौतिक सत्यापन देखा। उन्होंने सीएमएस एस के यादव को निर्देश दिया कि गेट पर कर्मचारी की नियुक्ति की जाए जो आने वाले मरीजों को तत्काल इमरजेंसी वार्ड तक पहुंचाएं। जिलाधिकारी ने इससे पूर्व निर्देश दिया था कि सभी वार्डों के बाहर बेंचें लगाई जाए जो कि लग चुकी थी। इसके अतिरिक्त जिलाधिकारी ने कहा कि दो कमरों में इमरजेंसी वार्ड बनाया जाए साथ ही आपातकालीन अस्पताल के प्रवेश कक्ष को प्रतिक्षालय बनाया जाए जिससे कि लोगों को बैठने में सहूलियत हो। इस दौरान जिलाधिकारी के साथ मुख्य विकास अधिकारी प्रवीण वर्मा भी उपस्थित रहे।

### पीड़ितों की समस्याओं का निस्तारण नहीं हुआ तो अफसर होंगे जिम्मेदार : डीएम



गाजीपुर। सम्पूर्ण समाधान दिवस तहसील मुहम्मदाबाद में जिलाधिकारी आर्यका अखौरी की अध्यक्षता में शनिवार को सम्पन्न हुआ। जिसमे 147 शिकायत और प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए जिसमें से मौके पर सात का निस्तारण किया गया। जनसमस्याओं के त्वरित निस्तारण के लिए सातों तहसीलों की सूचना के अनुसार सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 543 शिकायत और प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। जिसमें मौके पर सिर्फ 36 शिकायत और प्रार्थना पत्रों का निस्तारण किया गया। जिलाधिकारी ने सम्पूर्ण समाधान दिवस मे प्राप्त शिकायत और प्रार्थना पत्रो को लेकर सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिया कि अविलम्ब मौके पर जाकर स्थलीय निरीक्षण करते हुए समस्याओं का निस्तारण कराया जाय। उन्होंने सार्वजनिक भूमि, तालाब, सरकारी भूमि, ग्राम समाज के भूमि पर अवैध अतिक्रमण को एक अभियान चलाकर अतिक्रमण मुक्त कराने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों को प्रतिदिन शत-प्रतिशत निस्तारण किया जाय, शिकायत किसी भी दशा में डिफाल्टर न हो। उन्होंने कहा इसकी समीक्षा सीधे शासन स्तर से होती है। इसमें लापरवाही पर सम्बन्धित अधिकारी स्वयं जिम्मेदार होंगे। इस अवसर उपजिलाधिकारी मुहम्मदाबाद, तहसीलदार मु.बाद, एवं समस्त जनपदस्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

### अलग-अलग सड़क दुर्घटना में दो घायल



**मऊ।** अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में दो व्यक्ति घायल हो गये। मोहम्मदाबाद गोहना कोतवाली क्षेत्र के ग्राम नगरी पार निवासी 32 वर्षीय नंदलाल पुत्र सुरेश शनिवार को अपने दो पहिया मोटरसाइकिल से घर से मऊ की तरफ जा रहे थे। गालीपुर के पास दूसरी तरफ से आ रही एक मोटरसाइकिल से अनियंत्रित होकर टकराकर सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। आसपास के लोगों ने इसकी सूचना 108 नंबर एंबुलेंस को दी। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची एंबुलेंस ने घायल युवक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाज हेतु भर्ती कराया। लेकिन गंभीर चोट आने पर चिकित्सकों ने इन्हें जिला मुख्यालय के लिए रेफर कर दिया है। इसी क्रम में मोहम्मदाबाद आजमगढ़ मार्ग स्थित 59 वर्षीय नंदकिशोर पुत्र प्रकाश चंद जनपद मुजफ्फरनगर निवासी शनिवार को प्रात: सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गया। जिन्हें आसपास के लोगों ने इलाज हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया है।

### दस जुलाई से भर सकते हैं ऑनलाइन प्रवेश फार्म

गाजीपुर। स्नातकोत्तर महाविद्यालय गाजीपुर में स्नातक एवं स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम के सभी विषयों में ऑनलाइन प्रवेश परीक्षा के लिए आवेदन फार्म भरें जाने की तिथि छात्र - छात्राओं एवं अभिभावकों के मांग पर एक बार पुन: बढ़ा कर दस जुलाई 2023 कर दी गई है। प्रवेश फॉर्म को लेकर प्राचार्य प्रोफे० (डॉ०) राघवेन्द्र कुमार पांडेय ने बताया कि महाविद्यालय में आगामी सत्र 2023-24 में प्रवेश लेने के लिए प्रतीक्षारत छात्र- छात्राएं अपना प्रवेश परीक्षा आवेदन फार्म स्नातकोत्तर महाविद्यालय गाजीपुर की वेबसाइट जाकर भर सकते है।

## मोटे अनाज की खेती पर सांसद वीरेंद्र सिंह मस्त ने दिया जोर

# गंगा में छोड़े गये विलुप्त हो रही मछलियों के दो लाख बच्चे

- कहा-गंगा को साफ-सुथरा रखना हम सबकी जिम्मेवारी

केटी न्यूज/बलिया

गंगा नदी में विलुप्त हो रहे मत्स्य प्रजातियों के संरक्षण एवं संवर्धन को ध्यान में रखते हुए भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद केन्द्रीय अंतर्स्थलीय मात्स्यिकी अनुसंधान संस्थान, सिफरी के द्वारा शनिवार को बलिया के कोटवा नारायणपुर घाट पर गंगा नदी में दो लाख भारतीय प्रमुख कार्प के बीज को छोड़ा गया। राष्ट्रीय नदी रैंचिंग कार्यक्रम 2023 के अवसर पर बलिया के सांसद वीरेन्द्र सिंह मस्त की उपस्थिति में कतला, रोहू तथा मृगल मछलियों के बीज को रैंचिंग सह जन जागरूकता कार्यक्रम के तहत संचय




किया गया। राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन एनएमसीजी के अन्तर्गत आयोजित इस कार्यक्रम में संस्थान के निदेशक डॉ बी के दास ने उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुए गंगा नदी में मछली और रैंचिंग के महत्व को बताया। उन्होंने कहा कि इस वर्ष गंगा नदी में कम हो रहे महत्वपूर्ण मत्स्य प्रजातियों के 25 लाख से ज्यादा बीज का रैंचिंग किया गया है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बलिया के सांसद वीरेन्द्र सिंह मस्त ने इस अवसर पर गंगा के महत्व को बताया। साथ ही इसको स्वच्छ रखने एवं जैव विविधता को बचाने के लिए लोगों से आह्वान किया। उन्होंने बलिया जनपद के जलभराव वाले जल क्षेत्र जैसे सुरहताल, भागर नाला, मगही नदी, कोरहरा नाला आदि में मत्स्य उत्पादन के लिए प्रेरित किया। इससे रोजगार के अवसर के साथ-साथ जल क्षेत्रों के प्रदूषण को कम करने में सहायता मिलेगी। सांसद ने मत्स्य पालन के साथ मिश्रित कृषि और मोटे अनाज की खेती को अपनाने के लिए अनुरोध किया। इस अवसर पर सांसद ने सक्रिय एवं जरूरतमंद मछुआरों को जाल का भी वितरण किया। इस दौरान शिवांकित वर्मा, खण्ड विकास अधिकारी संजय कुमार, सहायक मत्स्य निदेशक उप्र डीके सिंह, जिला कृषि अधिकारी ने जैव विविधता और मछलियों के बारे में जागरूक किया तथा गंगा को साफ रखने के लिए के लिए कहा। कार्यक्रम के प्रारंभ में केंद्र प्रभारी डॉ धर्मनाथ झा ने सभी अतिथियों का स्वागत किया तथा कार्यक्रम का संचालन किया। कार्यक्रम में आस-पास गांवों के मत्स्य पालक, मत्स्य व्यवसायी तथा गंगा तट पर रहने वाले स्थानीय लागों ने भाग लिया। अन्त में संस्थान के वैज्ञानिक डॉ राजू बैठा ने औपचारिक धन्यवाद दिया। कार्यक्रम में प्रयुक्त मत्स्य बीज का रख रखाव एवं व्यवस्था संस्थान के वैज्ञानिक डॉ मितेश रामटेक, डॉ विकास कुमार एवं अन्य अधिकारियों और शोधार्थियों ने किया।